हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–93 : जौनपुर, शुक्रवार 27 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हाथ जोड़कर बस्ती लूटने वाले भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं : सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सपा सरकार पर निशाना साधा और अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से प्रदेश की छवि बदली है। भाजपा सरकार में प्रदेश नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा, 'नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं, जमीं पर चांद–सितारों की बात करते हैं... हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, सभा में सुधारों की बात करते हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष (अखिलेश यादव) ने कल एक घंटे का भाषण दिया। ऐसा लग रहा था कि ये चुनावी भाषण है। जनता ने भाजपा का काम देखकर ही हमें फिर से जिताया है। 2022 में भाजपा को मिला जनादेश उस सम्मान का प्रतीक है जो जनता ने हमें दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार के कारण आज यूपी दंगामुक्त हो चुका है। प्रदेश में कानून का राज है। यूपी चुनाव के दौरान हिंसा नहीं हुई पर इसके पहले क्या होता था सब जानते हैं। अगर प्रदेश में भाजपा की सरकार न होती तो चुनाव में हिंसा हो जाती। प्रदेश में एक लाख 54 हजार पुलिस भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया। पहले ऐसा नहीं हो पाता था। योग्य अभ्यर्थियों को मौका नहीं मिल पाता था। पुलिस सुधार हुआ है। यह सब भाजपा सरकार के कारण ही है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए भाजपा सरकार ने 2017 में सत्ता में आते ही 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया। जबकि 2004 से 2017 के बीच प्रदेश में सर्वाधिक किसानों ने आत्महत्या की। हमारी सरकार में पांच लाख सरकारी नौकरियां दी गईं।



एक करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ा गया। मुख्यमंत्री योगी ने यूपी चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान में कहा जा रहा था कि भाजपा हार जाएगी पर भाजपा ने पहले चरण की 58 सीटों में से 46 पर जीत दर्ज की। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि किसानों को पता है कि उनका असली हितैषी कौन है? 2017 के पहले केंद्र सरकार राज्य को 20 कृषि विज्ञान केंद्र देना चाहता था पर यूपी में सरकारें नहीं लेती थीं। 2017 के बाद प्रदेश को 20 कृषि विज्ञान केंद्र मिले हैं। जिसमें किसानों को प्रशिक्षण, खाद और अच्छे बीज देने की व्यवस्था की गई है।

## 'एक युद्ध नशे के विरोध' के अंतर्गत जनपद के समस्त औषधि विक्रेताओं को मादक औषधि का विक्रय न किए जाने का दिया गया निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त औषधि विक्रेता/वितरक को अवगत कराया है कि अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, गृह अनुभाग अवनीश कुमार अवस्थी के पत्र आदेश के क्रम में 'एक युद्ध नशे के विरोध' के अंतर्गत जनपद के समस्त औषधि विक्रेताओं द्वारा किसी अधिकृत चिकित्सक के आदेश के बिना किसी व्यक्ति/बच्चों को प्रतिबंधित मादक औषधि का विक्रय न किए जाने का निर्देश दिया गया है। मा0 राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किए गए ज्वाइंट एक्शन प्लान के अंतर्गत 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' के अंतर्गत बच्चों को मादक द्रव्यों के सेवन से दूर रखने हेतु विद्यालयों, कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों जैसे कोचिंग सेंटर, इंस्टीट्यूट, छात्रावास, प्रशिक्षण केंद्र एवं उद्यान आदि पर मादक पदार्थों, मदिरा, बीड़ी, सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पादन की बिक्री रोके जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं। उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने समस्त औषधि विक्रेताओं को आदेशित किया है कि अपने प्रतिष्ठान के अंदर व बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित करें, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि बिना अधिकृत चिकित्सक के आदेश के किसी व्यक्ति/बच्चों को प्रतिबंधित मादक औषधि का विक्रय न किया जाए। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जनपदीय औषधि नियंत्रण प्राधिकारी बाल कल्याण अधिकारी द्वारा किसी भी समय औचक निरीक्षण किया जा सकता है अन्यथा की स्थिति में पाए जाने पर संबंधित औषधि विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## शासन के द्वारा वितरण की तिथि 29 मई 2022 तक विस्तारित : जिला पूर्ति अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि पी0एम0जी0के0ए0वाई0 आवंटन के अन्तर्गत अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों में माह–अप्रैल, 2022 के सापेक्ष खाद्यान्न का वितरण 29 अप्रैल 2022 से 27 मई 2022 तक निर्धारित की गयी थी, किन्तु जनपद के कुछ ब्लाकों में उचित दर विक्रेताओं को निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत विपणन गोदामों से खाद्यान्न का निर्गमन न होने के कारण जनपद के समस्त लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण 27 मई 2022 तक कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में शासन के द्वारा उठान/वितरण की तिथि 29 मई 2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अवधि में अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी कार्डधारकों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों को सुनिश्चित कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न के साथ–साथ आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल (यथा सरसों तेल/रिफाइंड ऑयल) निःशुल्क वितरण किया जायेगा प्रत्येक अन्त्योदय/पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 01 कि0ग्रा0 ऑयोडाइज्ड नमक, 01 कि0ग्रा0 साबुत चना तथा 01 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत 29 मई 2022 तक खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उचित दर विक्रेता अपने स्टॉक में अवशेष खाद्यान्न की उपलब्धता की सीमा तक पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरित कर सकेंगे। उक्त योजना के वितरण की अन्तिम तिथि 29 मई 2022 होगी। उक्त अवधि में ई–पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। मोबाइल ओ0टी0पी0 के माध्यम से वितरण की तिथि पूर्व निर्धारित 27 मई 2022 के साथ–साथ 29 मई 2022 को भी उपलब्ध रहेगी। तत्क्रम में जनपद के उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे पूर्व में जारी सोशल डिस्टेन्सिंग के निर्देशो का पालन कराते हुए नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

## सुर संगम म्यूजिक एकेडमी की तरफ से समर कैंप का हुआ शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के जेसीज चौराहे स्थित सुर संगम म्यूजिक एंड डांस एकेडमी के कार्यालय पर गुरुवार को डायरेक्टर पंकज सिन्हा गायक व शैली गगन गायिका ने समर कैम्प की भव्य व धमाकेदार शुरुवात की। कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक गुप्ता व अरुणा गुप्ता व विशिष्ट अतिथि कैप्टन एस.पी. सिंह, मंजू



जायसवाल व शालिनी सिंह (डांस डायरेक्टर), डॉ. आकांक्षा द्विवेदी (डेंटिस्ट), खुशबू श्रीवास्तव (भाजपा नेत्री), पुष्पांजलि ने किया। इस समर कैम्प में गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, फैब्रिक पेंटिंग, मेहंदी आदि में बच्चों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया व अपनी प्रतिभावों का बखूबी प्रदर्शन किया। डारेक्टर पंकज सिन्हा ने कहा कि इस समर कैम्प में इन कलाओं की विशेष बारीकियाँ आगे भी लगातार सिखाई जाएंगी जिससे जिले की और भी प्रतिभाएं निखर कर सामने आएं व जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में पंकज श्रीवास्तव हैप्पी,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, आनंद मोहन श्रीवास्तव बेस्ट कोरियोग्राफर सनम और काशी, अनु श्रीवास्तव, नीति श्रीवास्तव, स्वीटी उपाध्याय, राजेश वेस्टिज,लोकेश गुप्ता, अंकित श्रीवास्तव पत्रकार आदि उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति 4.0 कार्य योजना अंतर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर के साथ ही समस्त विकास खंड कार्यालयों में गुड्डा–गुड्डी बोर्ड की हुई स्थापना

जौनपुर सू.वि. : महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 4.0 कार्य योजना के अंतर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर के साथ ही समस्त विकास खंड कार्यालयों में गुड्डा–गुड्डी बोर्ड की स्थापना की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर में गुड्डा–गुड्डी बोर्ड स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य जिले में लिंग अनुपात का अंतर घटाने है इसके लिए विभाग ने खास पहल के साथ प्रयास शुरू किया है। उक्त स्थानों पर आमजनमानस की उपस्थिति में विभाग के द्वारा गुड्डा–गुड्डी बोर्ड लगाया गया साथ ही बेटा–बेटी में भेदभाव मिटाने, बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए लोगो को जागरूक किया गया। विभाग के द्वारा ग्रामीणों से जानकारी ली गई कि उनके आसपास के परिवारों में कितने बच्चों ने जन्म लिया है और उनमें से कितनी कन्याएं है और सभी लोगो को कन्या भ्रुण हत्या के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। बताया गया कि समाज में यह एक बड़ी समस्या है जिसका नतीजा है कि लड़की और लड़के के जन्म अनुपात में काफी अंतर है। लड़कों की तुलना में लड़कियों की संख्या कम होती जा रही है। समाज में तमाम तरह की कुरीतियां हैं। घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा जैसी समस्याएं हैं। गुड्डा–गुड्डी बोर्ड के रख–रखाव की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की होगी।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला जेल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा बंदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की गई और जेल अधीक्षक एसके पांडेय को निर्देश दिया गया कि बंदियों का इलाज की समुचित व्यवस्था रहे। जेल में गर्मी में पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। पाकशाला में जाकर अधिकारियों के द्वारा खाने की गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान जिलाधिकारी में जेल परिसर में साफ–सफाई के निर्देश दिए। इस



अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, क्षेत्राधिकारी सदर जितेंद्र दुबे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## काशी विश्वनाथ मंदिर पर पीएसी ब्रास बैंड की हुई मधुर वादन प्रस्तुति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी बटालियन पीएसी वाराणसी पीआरओ के मुताबिक पीएसी के ब्रास बैंड ने अपनी मधुर धुनों से आमजन में देश भक्ति की भावना का अलख जगाने के क्रम में एक बार पुनः काशी विश्वनाथ मंदिर में राष्ट्रीयता से ओतप्रोत धुनों का सुंदर वादन प्रस्तुत किया।जिसके चलते आस पास का वातावरण देश भक्ति से परिपूर्ण हो गया।लोगों के मन में देश भक्ति की भावना जागृति हो गई।इस मौके पर इनके साथ साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के अनुरोध पर 34वीं वाहिनी एवं 36वीं वाहिनी के संयुक्त बैंड ने गणेश वंदना एवं अन्य धुनों का वादन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोहा।वहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आमजन ने पीएसी बल के जवानों के मधुर एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए जोरदार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।पीएसी बल का यह ब्रास बैंड शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय स्मारकों एवं शहीद स्मारकों पर जाकर वादन के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना व कर्तव्य परायणता को जागृत करने का कार्य अनवरत रूप से कर रहा है।ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में 34वीं एवं 36वीं वाहिनी पीएसी का हाफ ब्रास बैंड संयुक्त रुप से शहर के विभिन्न राष्ट्रीय



स्मारक, ऐतिहासिक स्थलों एवं शहीद स्मारकों पर विशेष अवसरों एवं समय–समय पर, लगभग एक घंटे की प्रस्तुति लगातार दे रहा है। उल्लेखनीय है कि 34वीं वाहिनी पीएसी का बैंड पूर्व में भी विभिन्न स्थानों पर अपना एकल मनोरम प्रदर्शन एवं प्रस्तुति आमजन के बीच दे चुका है एवं उसी क्रम में आगे बढ़ते हुए संयुक्त बैंड लगातार काशी विश्वनाथ मंदिर, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सारनाथ में, दशाश्वमेघ घाट पर, व अन्य प्रमुख स्थलों पर देशभक्ति से जुड़े गीतों की मधुर धुनों को बजाकर प्रस्तुतियां देती आ रही है।काशी विश्वनाथ मंदिर में ब्रास बैंड के प्रदर्शन के समय बड़ी संख्या में आमजन व श्रद्धालुजन उपस्थित थे, जिनके द्वारा पीएसी ब्रास बैंड के प्रदर्शन की सराहना की गई। 34वीं वाहिनी के बैंड का नेतृत्व हवलदार मेजर सदरूद्दीन द्वारा तथा 36वीं वाहिनी के बैंड का नेतृत्व हवलदार मेजर अब्दुल कादिर के द्वारा किया गया।

## "रोजगार मेले" में 175 को मिली नौकरी

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में निजी नियोजकों के सहयोग से 27 मई 2022 को 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, जिसमें इण्टरनेशनल प्रोड्क्शन गुजरात प्रा0लि0, भारतीय जीवन बीमा निगम शाहगंज, जौनपुर शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 392 रहीं, नियोजकों के द्वारा कुल 175 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया एवं बधाई देते हुए भविष्य में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को बताया गया कि आगामी 31 मई 2022 को "वृहद रोजागार मेला" का आयोजन होगा, रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, रामसिंह मौर्य, जीतलाल मौर्य, श्रीमती हसन फात्मा, जीशान अली, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, श्यामनारायण, एवं



कौशल विकास मिशन के एम0आई0एस0 मैनेजर शिवम सिंह आदि उपस्थित रहें।

## गाय ने जुड़वां बच्चों को दिया जन्म : ग्रामीण बोले–कुदरत का करिश्मा



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन क्षेत्र के लखनेपुर गॉव में गुरुवार की रात एक गाय ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। गाय फिजिसियन नस्ल की है। बछिया व बछड़े की जन्म की सूचना के बाद आसपास के लोग पहुंचकर बच्चों से आशीर्वाद लेने लगे। इन्हें देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों का कहना था कि यह कुदरत का करिश्मा है। भगवान का चमत्कार है। इस नस्ल की गाय बहुत कम ही सुनने को मिलता है कि दो बच्चे को जन्म देती है। जिस कारण लोगों की आस्था बढ़ी और लोग जुड़वा बच्चों से आशीर्वाद लेने लगे।। इस बाबत गाय के मालिक राम लाल प्रजापति ने बताया कि जुड़वा बच्चों के जन्म से पूरे परिवार में खुशी है। दोनों बच्चे स्वस्थ है। गौरा गॉव के पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह ने पहुंचकर जुड़वा बच्चों से आशीर्वाद लिया और कहा कि क्षेत्र में इस तरह की पहली घटना है, जब फ्रीजियन नस्ल की गाय ने दो बच्चों को जन्म दिया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पाकिस्तान : हताश इमरान खान का नया दांव

इस सप्ताह सऊदी सरकार ने पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में तीन अरब डॉलर जमा किए, ताकि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत हो। ऐसे ही, वित्तमंत्री आईएमएफ के एक बड़े सहायता पैकेज को अंतिम रूप देने के लिए दोहा गए हैं। यदि यह राहत पैकेज मिल जाता है, तो शाहबाज सरकार कुछ समय के लिए आर्थिक रूप से स्थिर हो जाएगी।

जब से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये सांविधानिक रूप से पद से हटाया गया है, पाकिस्तान की सियासत में एक भी पल सुस्त नहीं रहा है। इमरान खान को आज भी यह यकीन नहीं होता कि वह विपक्ष में हैं। वह ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार करते हैं, जिसे कुछ लोग पागल कहते हैं। उन्होंने चुप बैठकर यह विश्लेषण करने से इनकार कर दिया है कि पिछले तीन वर्षों में जब उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए इंसाफ (पीटीआई) सत्ता में थी, तब क्या गड़बड़ी हुई।

इमरान खान ने कुछ बड़ी गलतियां कीं, जिसकी कीमत यह मुल्क अब भी चुका रहा है। शुरुआत में उन्होंने उन देशों के साथ दशकों पुराने संबंध खत्म कर दिए, जो पारंपरिक रूप से पाकिस्तान के करीबी थे और जिन्होंने कूटनीतिक और आर्थिक रूप से पाकिस्तान की मदद की थी। इन रिश्तों को फिर से बहाल करने में लंबा समय लगेगा। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की सरकार रिश्ते सुधारने की पूरी कोशिश कर रही है, जिसमें कुछ सफलताएं भी मिली हैं।

लेकिन जिसे अधिकांश पाकिस्तानी इमरान खान की अक्षम्य गलती बता रहे हैं, वह है मुल्क की कमजोर अर्थव्यवस्था को नष्ट करना। अनेक लोग तो अब यह चेतावनी भी दे रहे हैं कि पाकिस्तान गलती से श्रीलंका के रास्ते पर जा सकता है। इमरान जब सत्ता में थे, तब भी उन्होंने विपक्ष से संपर्क करने और महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनसे बातचीत करने से इनकार कर दिया था। अब भी वह साथ बैठने और मौजूदा संकटपूर्ण स्थिति से बाहर निकलने का राजनीतिक उपाय तलाशने से इनकार करते हैं।

आज पाकिस्तान अपने सबसे गंभीर राजनीतिक और वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। कुछ लोग वाजिब ही चिंता जता रहे हैं, कि यदि देश की समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल नहीं किया जाता, तो पाकिस्तान के पिछले अनुभवों को देखते हुए गैर–लोकतांत्रिक ताकतों के दखल देने की आशंका बढ़ेगी। राजनीतिक विश्लेषक जाहिद हुसैन लिखते हैं कि 'पीटीआई समर्थकों द्वारा सैन्य नेतृत्व के खिलाफ अभियान उसे दबाव में लाने के प्रयास का एक हिस्सा प्रतीत होता है।

यह एक अत्यंत खतरनाक खेल है, जिसका सेना की एकता पर गंभीर असर पड़ सकता है।' बृहस्पतिवार को इमरान खान अपने समर्थकों के साथ इस्लामाबाद धरना देने के लिए पहुंचे। हालांकि इमरान ने दावा किया था कि वह लाखों लोगों को इस्लामाबाद लेकर आएंगे, लेकिन वास्तव में लगता है कि उनके समर्थकों की संख्या सात हजार के करीब होगी। पंजाब प्रांत की पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) सरकार ने इस्लामाबाद के सभी रास्ते बंद कर दिए थे।

ऐसे में, अनेक पीटीआई समर्थक धरने में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद नहीं पहुंच सके। यह पहली बार है कि इमरान खान सेना के समर्थन के बगैर शक्ति प्रदर्शन की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि सेना ने ही उन्हें नवाज शरीफ के खिलाफ खड़ा किया था। तब महीनों तक इमरान अपने समर्थकों के साथ धरने पर डटे रहे थे, पर तब चूंकि संसद में सभी राजनीतिक दल नवाज शरीफ के समर्थन में थे, इसलिए वह प्रधानमंत्री पद पर बने रहे थे।

लेकिन दिसंबर, 2014 में जब पेशावर आर्मी बॉयज स्कूल पर भयानक आतंकवादी हमले में सैकड़ों छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई और पाकिस्तान गम में डूब गया था, तब इमरान ने अपना धरना खत्म कर दिया। आज सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक तनाव चरम पर है। खान ने अपना धरना खत्म करने के लिए दो शर्तें रखी हैं–पहली, शाहबाज शरीफ की 'एकता सरकार' नेशनल असेंबली को भंग करे, और दूसरी, नए चुनाव की तारीख घोषित की जाए।

शाहबाज शरीफ की सरकार बनने के बाद यह उम्मीद की जा रही थी कि कठिन आर्थिक निर्णय लेने के बजाय चुनावों की नई तारीख की घोषणा की जाएगी। लंदन में स्वनिर्वासन में बैठे नवाज शरीफ भी यही सुझाव दे रहे थे। इसका कारण यह है कि अगर पेट्रोल आदि की कीमतों में वृद्धि की गई, तो सरकार काफी अलोकप्रिय हो जाएगी और मतदाता चुनाव के दौरान इमरान खान के दौर की अर्थव्यवस्था की बदहाली को भूलकर मौजूदा सरकार को दोष देंगे।

इससे पीएमएल (एन) के वोट बैंक में सेंध लगने की भी आशंका है। इस पृष्ठभूमि में यह तथ्य भी था कि सैन्य प्रतिष्ठान ने बैरकों में ही बिल्कुल तटस्थ रहने और राजनेताओं को ही राजनीतिक रूप से मुद्दों को हल करने देने का भरोसा दिलाया था। लेकिन ऐसा लगता है कि पूर्व योजना में कुछ तब्दीली आई है, क्योंकि सरकार ने घोषणा की कि वह तत्काल चुनाव नहीं कराएगी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मदद से अर्थव्यवस्था को सुधारने की कोशिश करेगी।

इस सप्ताह सऊदी सरकार ने पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में तीन अरब डॉलर जमा किए, ताकि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत हो। ऐसे ही, वित्तमंत्री आईएमएफ के एक बड़े सहायता पैकेज को अंतिम रूप देने के लिए दोहा गए हैं। यदि यह राहत पैकेज मिल जाता है, तो शाहबाज सरकार कुछ समय के लिए आर्थिक रूप से स्थिर हो जाएगी। इस्लामाबाद के लिए निकलने से ठीक पहले इमरान खान ने न्यायपालिका और सैन्य प्रतिष्ठान से अपील की कि वे समय से पहले चुनाव कराने के लिए दखल दें। यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि सत्ता में रहते हुए इमरान ने इन दोनों ही संस्थाओं से राजनीतिक क्षेत्र में हस्तक्षेप न करने के लिए कहा था। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह इस बात का संकेत है कि सैन्य प्रतिष्ठान ने अंततः शहबाज शरीफ सरकार को इमरान खान के खिलाफ समर्थन देने का फैसला कर इस दिग्गज पूर्व क्रिकेटर को अपने भरोसे छोड़ दिया है।

इमरान खान द्वारा सैन्य प्रतिष्ठान के लिए इस सार्वजनिक आह्वान से देश दो खेमों में बंट गया है। कुछ लोगों का मानना है कि पीटीआई को इसमें सैन्य प्रतिष्ठान को नहीं घसीटना चाहिए, खासकर जब इसकी जरूरत न हो। अंग्रेजी दैनिक द डॉन लिखता है, 'सरकार पर पीटीआई प्रमुख के लगातार हमले ने काफी अव्यवस्था पैदा कर दी है। इमरान अपनी जिद से डिगने के लिए थोड़ा भी तैयार नहीं है, चाहे इसके लिए देश को जो भी खामियाजा भुगतना पड़े।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## नेपाल –भारत आपस में मित्र नहीं बल्कि रिश्ते में दो परिवार हैं – नेपाल राजदूत

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम हमारे आदर्श हैं सीता के बिना राम अधूरे हैं उसी प्रकार नेपाल भी बिना भारत के अधूरा है ।हमारा नाता सदियों पुराना है और वह संबंध सदैव जीवंत बना रहे इसीलिए हम अयोध्या आये हैं और हमेशा आते रहेंगे ।यह विचार भारत में नेपाल के राजदूत राम प्रसाद सुबेदी ने देवकाली स्थित एक होटल में बीपी कोइराला इंडिया नेपाल फाउंडेशन की ओर से आयोजित राम विवाह के नृत्य नाटिका कार्यक्रम में व्यक्त किए ।उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत की संस्कृति एक है और संबंधा भी ऐतिहासिक हैं ।नेपाल एंबेसी संबंधों की प्रगाढ़ता के लिए सदैव कार्यरत है। ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ी को भी जानकारी एवं ज्ञान प्राप्त होता है ।धार्मिक प्रवृत्ति की क्रियाकलापों से मन भी सुंदर एवं पवित्र विचारधारा के अनुरूप कार्य करने की प्रेरणा देता है। श्री सुबेदी ने कहा कि भारत–नेपाल संबंधों पर कहीं भी कोई कार्यक्रम आयोजित कीजिए नेपाल एम्बेसी अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान करेगा ।भारत नेपाल आपस में मित्र नहीं बल्कि रिश्तो में दो परिवार हैं। श्री सुबेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार भी जताया तथा फाउंडेशन की सहयोगी रही रुचि सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक भी व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत कलाकार रविशंकर व ममता टंडन द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से हुई। ' श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में ' शीर्षक भजन बनारस के प्रसिद्ध भजन गायक मनीष द्वारा गाया गया। तत्पश्चात श्री राम के अयोध्या में जन्म से लेकर जनकपुर में सीता के विवाह तक का मंचन कलाकार शुभम रवि विशाल सागर सोनी मांडवी शांभवी श्रेया मनीष पीयूष भोलानाथ रुद्रनाथ आदि द्वारा मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ चक्रवर्ती ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों एवं पत्रकारों को नेपाल के राजदूत राम प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्मानित किया गया ।मैथिली लेखक व कवियत्री पूनम झा तथा यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की आयोजक लक्ष्मी गडबोले सुषमा सिंह इंद्र कमल पत्रकार जेपी गुप्ता डी के तिवारी अमित अनिल गुलजार सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस पार्टी इसी वर्ष संभावित नगर निगम के चुनाव को पूरी ताकत से योजनाबद्ध तरीके से लड़ेगी – वेद सिंह कमल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) कांग्रेस पार्टी इसी वर्ष संभावित नगर निगम के चुनाव को पूरी ताकत से योजनाबद्ध तरीके से लड़ेगी।उक्त उद्गार महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर नगर निकाय चुनाव हेतु बुलाई गई बैठक में कहीं। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहां कांग्रेस कार्यकर्ता अभी से नगर निगम के चुनाव के लिए तैयार हो जाएं।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी को अपना संगठन वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू ने कहा नगर निगम में कांग्रेस के पास बहुत सी संभावनाएं हैं हमने लगातार दो बार फैजाबाद और अयोध्या में चेयरमैन जिताये हैं इसलिए पार्टी को एकजुट हो नगर निगम में अपनी मजबूत स्थित प्रदर्शित करनी होगी।कांग्रेसी नेता प्रवीण श्रीवास्तव ने कहां हम निकाय चुनाव तभी जीत पाएंगे जब सभी वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव लड़े। बैठक का संचालन प्रशासनिक महामंत्री डीएन वर्मा ने किया।इस बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,महेश वर्मा ,हरजीत सिंह सलूजा, श्रीनिवास शास्त्री, महंत जय मंगल दास ,शैलेंद्र मणि पांडे ,नाजिम हुसैन, महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, उमेश उपाध्याय ,कविंदर साहनी ,दीप कृष्ण वर्मा ,बिलाल अंसारी, रिशु यादव ,उमर मुस्तफा ,सविता यादव ,मोहम्मद आरिफ ,चंचल सोनकर ,रामेंद्र त्रिपाठी, अंकित जैन ताज मोहम्मद अशोक राय राजकुमार गुप्ता अरविंद श्रीवास्तव राजकुमार मौर्य फिरोज अंसारी आदि सम्मिलित रहे

## स्वर्गीय वीरसैन की तेहरवीं में पहुँचे राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता

बागपत पत्रकार विवेक जैन। बागपत के गूंगाखेड़ी गांव में स्वर्गीय वीरसैन सिंह की तेहरवीं में भारतीय किसान यूनियन और राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष नेताओं ने शिरकत की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत, पूर्व प्रधान संजीव तोमर के आवास पर पहुँचे और परिजनों को सांत्वना दी। इसके उपरान्त राकेश टिकैत ने रस्म पगड़ी में भाग लिया और स्वर्गीय वीरसैन सिंह के शानदार व्यक्तित्व की प्रशंसा की व उनके निधन को अपूर्णिय क्षति बताया। उन्होंने स्वर्गीय वीरसैन सिंह के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इससे पूर्व एक शान्ति यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहुतियां डाली। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, वरिष्ठ राष्ट्रीय लोकदल नेता जगपाल तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, पूर्व प्रधानाचार्य मास्टर ओमवीर तोमर, जूल्ला प्रधान, हिम्मत सिंह, बॉबी तोमर, इन्द्रपाल सिंह, उपेन्द्र तोमर, तनवीर अहमद, भारतीय किसान यूनियन के युवा जिला उपाध्यक्ष अविराज तोमर, संजय, अनुज, वीरपाल, योगेन्द्र सिंह, महावीर सिंह,





इकबाल सिंह, रामछैल सिंह, हर्ष तोमर, राजा, रजत, उदय, नरेशपाल, मास्टर राजेन्द्र, सहदेव, किरण, सोमपाल, वीरपाल, अनेश, बिजेन्द्र, रविन्द्र, संजय सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 30 मई को दोनों पक्षों के दिया जा सकता है सर्वे का वीडियो और फोटो

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन पूजन और अन्य विग्रहों के संरक्षण के लिए दायर वाद की पोषणीयता (सुनने योग्य है या नहीं) पर सोमवार (30) मई को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई होगी। इस बीच शुक्रवार को अदालत पहुंचे वादी और प्रतिवादी पक्ष के लोगों को कोर्ट कमिश्नर सर्वे से संबंधित वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी नहीं मिल सकी। इसके पीछे तकनीकी समस्या को कारण बताया गया है। ऐसे में संभावना है कि सोमवार को दोनों पक्षों को सर्वे से संबंधित वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की कॉपी सौंप दिया जाए। कोर्ट कमिश्नर विशाल सिंह द्वारा 19 मई को जिला जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर अदालत में दाखिल कोर्ट कमीशन की रिपोर्ट और वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी साक्ष्य के रूप में जिला जज के यहां ट्रांसफर हुए हैं। ऐसे में वादी और प्रतिवादी पक्ष ने इन साक्ष्यों की कॉपी की मांग की थी। वीडियो फुटेज वायरल करने की जताई आशंका इधर, ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की वीडियो फुटेज वायरल होने की आशंका जाहिर करते हुए विश्व वैदिक सनातन संघ



प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन ने डीएम कौशल राज शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि कुछ लोग सर्वे के वीडियो और तस्वीरें वायरल करने की फिराक में हैं। जिससे माहौल बिगड़ने की आशंका है। ऐसे में जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क रहते हुए उन लोगों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करे। उन्होंने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ते हुए कहा है कि ज्ञानवापी कमीशन की फोटोग्राफी या वीडियो का साक्ष्य सिर्फ अदालत तक सिमित रहना चाहिए। इन्हें किसी भी तरह से सार्वजनिक नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो राष्ट्रविरोधी ताकतें देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ सकती हैं।

## आत्म–करुणा विकसित करने और अपने भीतर के आलोचक पर काबू पाने के लिए "5 हैक्स"


ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आत्म–करुणा का अर्थ है स्वयं के साथ कोमल, दयालु और समझदार होनाय यह स्वीकार करना कि आप पूर्ण नहीं हैंय और यह समझना कि आपके द्वारा की जाने वाली हर गलती में सीखने और बढ़ने की संभावना है। एक सफल प्रतिक्रिया आपके दृष्टिकोण में है, मनीष नागर से एक चर्चा की, जो "प्रैक्टिशनर लाइफ कोच और "स्ट्रैटेजिस्ट डिजिटल मार्केटर" हैं। हैक 1: मुद्दों पर क्षमा का अभ्यास करें। अपनी गलतियों के लिए खुद को दंडित करना बंद करें। अपने आप को यह याद दिलाने का एक तरीका है कि आप योग्य हैं, भले ही आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों, अपने डेस्क के पास या अपने बटुए में एक संदेश के साथ एक नोट रखना जो आपको अपने साथ कोमल और दयालु होने की याद दिलाता है। हैक 2: आभार व्यक्त करें। कृतज्ञता की भावना बहुत शक्तिशाली है। अपने आशीर्वादों पर ध्यान केंद्रित करके हम एक कोमल आंतरिक आवाज को नियोजित करते हैं और ध्यान को अपनी कमियों से दूर और दुनिया की ओर, अपनी सारी सुंदरता के साथ ले जाते हैं। हैक 3: उदारता का सही स्तर खोजें। आपकी भलाई के पक्ष में काम करने के लिए उदारता के लिए, यह निस्वार्थ नहीं हो सकता है। इसलिए,




उदार होने पर, प्रगति करने से पहले सुनिश्चित करें कि आप अपनी आवश्यकताओं से अवगत हैं। दूसरों के लिए अच्छा करना हमें खुश करता है, लेकिन तभी जब यह हमारे स्वयं के कल्याण के स्तर को कम नहीं करता है। हैक 4: ग्रोथ माइंडसेट को नियोजित करें। चुनौतियों से बचने के बजाय गले लगाओ, उनमें अर्थ खोजने में लगे रहो, और अपने आप को मत छोड़ो। जब आप पाते हैं कि आप खुद की आलोचना कर रहे हैं और दूसरों के साथ अपनी तुलना नकारात्मक रूप से कर रहे हैं, तो धमकी महसूस करने के बजाय उनकी सफलताओं और ताकत में प्रेरणा खोजने का प्रयास करें। 5: सावधान रहें। आप जो सोचते हैं या महसूस करते हैं उसे उसके पल होने देंय इसे माइक्रोफोन न दें या इसे कोने में छिपाएँ। इसे आने दो, और फिर, बिना आसक्ति के, इसे जाने दो।

## बजट में किसान, महिला सुरक्षा पर जोर : जन समस्या एवं राजकोषीय घाटा पर नियंत्रण नहीं –अनुपम त्रिवेदी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अधिवक्ता एवं कर सलाहकार अनुपम कुमार त्रिवेदी ने कहा कि माननीय वित्तमंत्री श्री सुरेश खन्ना द्वारा उत्तर प्रदेश 2022 का बजट पेश किया गया,पेपर लेस बजट लगभग 6.15 लाख करोड़ अनुमानित किया गया हैं। इस बजट में महिला सुरक्षा, किसानों की सिंचाई व्यवस्था एवं युवाओं के रोजगार पर जोर दिया गया है। प्रदेश में निवेश 88000 करोड़ से 156000 करोड़ होना एक अच्छा संकेत हैं। प्रदेश सुरक्षा हेतु एटीएस सेंटर एवं आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है, परन्तु इस बजट में आम समस्या, महंगाई नियंत्रण का समाधान नहीं दिखा। वर्ष 2021–22 में ऋण ग्रस्ता 6.11लाख करोड़ से बढ़कर 2022–23 में 6.66 लाख करोड़ का अनुमान हैं जो ळैक्च का 32.50 हैं। मुख्यता यह एक सामान्य बजट हैं जिसमे प्रदेश सुरक्षा, विकास पर तो जोर हैं महंगाई पर नहीं।



## दो दिवसीय अर्न्तशाखा ज्ञान मंथन में गुरूजनों ने दिखायी अपनी प्रतिभायें

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सेंट जोसेफ समूह की रूचि खण्ड स्थित शाखा में आयोजित प्रथम अर्न्तशाखा ज्ञान मंथन–2022 प्रतियोगिताओ का दूसरे दिन पुरस्कारो के साथ भव्य समापन हुआ। जिसमें चौंपियन ट्राफी राजाजीपुरम् शाखा को प्रदान की गयी। गुरुजनों के लिये किसी भी विद्यालय में पहली बार इस तरह की प्रतियोगितायें आयोजित की गयी थी। सेंट जोसेफ समूह की राजाजीपुरम्, सीतापुर रोड तथा रूचिखण्ड शाखा के कुल दो सौ नब्बे अध्यापक अध्यापिकाओं ने क्विज, कैलिग्राफी, जस्ट ए मिनट, स्पिन द वर्ड, पोयम रिसाइटेशन, काव्य पाठ, पिक्चर इमैजिनेशन, पेण्टिग, क्राफ्ट सहित कैरम, रस्साकशी व शतरंज जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। निर्णायको द्वारा प्रदान किये अंकों के योग के आधार पर राजाजीपुरम् शाखा प्रथम रूचिखण्ड द्वितीय तथा सीतापुर रोड शाखा तृतीय स्थान पर रही। स्क्वाड्रन लीडर राखी अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक रूचिखण्ड नम्रता अग्रवाल व प्रधानाचार्या सीतापुर रोड अमिता सिंह ने निर्णायकों



की भूमिका का निर्वहन किया। प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने प्रतियोगिताओं सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा कि जल्द ही केवल गुरूजनों के लिये इस तरह की प्रतियोगिताओं को राजधानी के अन्य विद्यालयों के लिये इण्टर स्कूल स्तर पर आयोजन किया जायेगा।

## शहीद व्यापारियों का बलिदान बेकार नहीं जाएगा–राधेरमण जायसवाल

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर 26 मई को शहीद दिवस कार्यक्रम कर व्यापारियों की लड़ाई लड़ते हुए शहीद व्यापारियों को श्रद्धांजलि दी गई, अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि व्यापारी हितों के लिए संघर्षशील रहते हुए पुलिस की लाठियों व गोलियों की परवाह ना कर कर्तव्य वेदी पर शहीद हुए व्यापारियों की याद में शहीद दिवस मनाया जाता है जो व्यापारी शहीद हो गए हैं उनका बलिदान बेकार नहीं जाएगा व्यापार मंडल और ऊर्जा के साथ लड़ाई लड़ेगा! श्रद्धांजलि देते हुए प्रांतीय मंत्री महेंद्र सोनकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में 26 मई को प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है जिसमें अपने सभी शहीद हुए व्यापारियों को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं जिला संरक्षक राजदेव यादव और जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंघानिया ने संयुक्त रूप से व्यापार मंडल के पिछले कार्यों की सराहना किया और व्यापारी हित में एकजुट रहने के लिए कहा श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शाहगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष रविकांत जायसवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि इस समय व्यापार के लिए बहुत कठिन समय है सभी व्यापारी व्यापार मंडल के बताएं नियमों का पालन करेंगे तो समस्याओं का निदान अवश्य होगा, सभा को जिला



उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव जिला महामंत्री रामकुमार साहू,संजय केडिया, संतोष अग्रहरि,संदीप पांडे,लोकेश साहू,निरंजन वर्मा,संतोष कुमार साहू, अमर जौहरी,अनिल कुमार वर्मा, सतीश अग्रहरि,यशवंत साहू, संदीप जायसवाल,मनोज कुमार साहू,धर्मेंद्र अग्रहरि ने भी संबोधित किया ! शहीद दिवस पर नीरज शाह,मधुसूदन बैंकर,विजय जायसवाल,राहुल गुप्ता, अंकुर सिंघानिया,भरत सेठ, इंद्रजीत मौर्य,मोहित कश्यप, मुन्ना लाल अग्रहरि,हफीज शाह,नीरज सिंह,रोसी सोनकर,शिवम अग्रहरी आदि व्यापारी गण उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन अनाज व्यापार संघ के महामंत्री योगेश साहू ने किया आए हुए व्यापारियों का आभार नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया!

## भाजपा निषाद पार्टी के विधायक की विधायकी खतरे में? कद्दावर नेता ललई यादव ने दी चुनौती : अब हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के नेता शाहगंज से पूर्व विधायक शैलेन्द्र यादव ललई ने शाहगंज के निषाद पार्टी एवं भाजपा गठबंधन विधायक रमेश सिंह के चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उनपर चुनाव के दौरान हलफनामे में कई जानकारियां छिपाने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने विधायक रमेश सिंह से साक्ष्य सहित जवाब मांगा है। कहा है कि यदि विपक्षी अपना जवाब दाखिल कर हाजिर नहीं होता तो याचिका तय कर दी जाएगी।विधानसभा चुनाव में शाहगंज विधानसभा से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक शैलेन्द्र यादव ललई की चुनाव याचिका पर हाई कोर्ट ने निषाद पार्टी विधायक रमेश सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई 18 जुलाई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने दिया है। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता सनोज यादव ने बहस की। कोर्ट ने पंजीकृत डाक में नोटिस प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल शर्मा एवं अधिवक्ता सरोज कुमार यादव ने बहस की। इनका कहना है कि विपक्षी विधायक सिंह ने चुनाव अधिकारी को दिए हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज कई आपराधिक धारा के मामलों की जानकारी छिपाई है। जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन है।यह भी आरोप है कि रमेश सिंह नें अपने पत्नी का इनकम पिछले वर्ष जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में और विधान सभा चुनाव में भिन्न जानकारी दी गई है। जो करप्ट प्रैक्टिस की श्रेणी में आता है। आरोप लगाया गया कि वोटिंग के दौरान तीन हजार से अधिक लोगों को वोट देने से वंचित किया गया। याचिका में झूठा हलफनामा दाखिल करने के कारण सदस्यता रद्द करने की मांग की गई है। अब चुनाव याचिका पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी। बताते चलें कि शैलेन्द्र यादव ललई को 719 वोटो से हार का सामना करना पड़ा था।

## किशोरी के साथ गैंगरेप चार पर केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव की एक किशोरी के साथ 23 मई को उस समय चार लोगों ने गैंगरेप किया जब वह रात को नौ बजे शौंच के लिए घर से बाहर गयी थी! पुलिस ने गैंगरेप की इस घटना में आरोपियों पर केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है! किशोरी पीड़ता के भाई ने गुरुवार को देर रात में पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ग्राम गजहरमउं निवासी उत्तम उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, सचिन उपाध्याय तथा ग्राम प्रतापगढ निवासी सूरज पर आरोप लगाया है कि उनकी बहन 23 मई को रात नौ बजे शौच के लिए घर से बाहर निकली थी कि चारो लोगों ने मुंह बांध कर बारी बारी से उसके साथ गैंगरेप किया! गैंगरेप के आरोपियों ने वीडियो बना कर वायरल किया! वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता ने आप बीती परिजनों को बतायी! परिणामस्वरूप दो दिन बाद आरोपियों पर केस दर्ज कराया गया ! प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने घटना के बाबत बताया कि पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पीड़िता की डाक्टरी मुआयना के लिए भेज दिया गया है! आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है!

## अखिलेश बडे नेता है उन्हे ए– बे तुम तडाक की भाषा नही बोलना चाहिए था– रविकिशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सपा प्रमुख अखिलेश यादव की विधान सभा मे उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या पर की गयी टिप्पणी पर भाजपा नेता सांसद रविकिशन ने कहा की उन्हे ए–बे तुम तडाक की भाषा नही बोलनी चाहिए था।यह बाते वह गुरुवार देर शाम भटहर गाँव मे एक गृह प्रवेश कार्यक्रम मे शामिल होने पहुचने पर कही। पत्रकारो से बातचीत करते हुए भोजपूरी फिल्मो के सुपरस्टार व गोरखपुर के सांसद भाजपा नेता रवि किशन ने कहा की सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बडे नेता है प्रमुख विपक्षी दल के विपक्ष के नेता है उन्हे बिधान सभा मे इस तरह की टिप्पणी नही करनी चाहिए मै उनका सम्मान करता करता हू लेकिन सदन की गरिमा बनाये रखना चाहिए था शायद वह हार नही पचा पा रहे है तभी इस तरह की भाषा बोल रहे है इससे उनकी छवि धूमिल हुई है उन्होने प्रदेश सरकार के बजट की सराहना करते हुए कहा की गरीबो के कल्याण के लिए महिला के लिए किसानो के लिए गरीब के लिए अच्छा बजट रहा है इसके लिए मैने अच्छा बजट पेश करने के लिए मुख्यमंत्री को ट्वीट करके धन्यवाद भी दिया हू। गोरखपुर के लिए 100 करोड का बजट दिया जिससे गोरखपुर का विकास होगा मेडिकल के लिए सडक के लिए बिजली के लिए पानी के लिए बजट रहा है। पुरे उत्तर प्रदेश के लिए कल्याणकारी बजट है योगी महराज जी ने पूरे प्रदेश के लिए यह कार्य किया है संत से यही उम्मीद लोग करते है योगी पुरे विश्व मे प्रसिद्ध है इस प्रदेश को उचाई पर योगी आदित्यनाथ ने पहुचा दिया है। आत्म निर्भर भारत के कार्यक्रम के लिए यूपी आगे बढ रहा है मथुरा काशी के सवाल पर उन्होने कहा की महादेव अपना स्थान खुद ले रहे है मामला कोर्ट मे इस पर टिप्पणी करना ठीक नही है नोएडा मे फिल्म इण्डस्ट्रीज के बारे कहा की अब किसी मेरे जैसे किसी अन्य रविकिशन को मुम्बई मे जाकर स्ट्रगल नही करना होगा। इस मौके अशोक मिश्रा एडवोकेट रामसामुझ मिश्रा गिरिजा शंकर तिवारी अजय मिश्रा गिरिश मिश्रा कृति सिह मुकेश गुप्ता राहुल मिश्रा अंकित मिश्रा दिवेश मिश्रा जयहिन्द मिश्रा पंकज शुक्ला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बरसठी साथ मे सांसद प्रतिनिधि शशांक किशन मौजूद रहे।

## आग का गोला बनी स्कार्पियो : सरोखनपुर गांव स्थित फोरलेन बाईपास पर हुआ हादसा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के वाराणसी–लखनऊ फोरलेन पर सरोखनपुर गांव के पास शुक्रवार की सुबह लगभग नौ बजे बरात से वापस आ रही एक स्कार्पियो आग का गोला बनकर धूं–धूं बनकर जल गयी। स्कार्पियो में सवार सभी बराती बाल–बाल बच गये। कोतवाली क्षेत्र के बदलापुर खुर्द निवासी पवन खरवार के यहां से बरातियों को लेकर चालक निकेश कुमार निषाद केवटली गांव से वापस आ रहा था जैसे ही स्कॉर्पियो उक्त स्थल.पर पहुंची वैसे ही धुआं निकलने लगा। चालक गाड़ी किनारे खड़ी कर बोनट खोला तो अंदर से तेज लपटें निकलने लगी। जिसे देखते ही गाड़ी में सवार सात बराती नीचे उतर कर भागने लगे। चालक जबतक कुछ समझ पाता तबतक गाड़ी धूं–धूं कर जल गयी। इस दौरान बाईपास पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गयी। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है! यदि तहरीर मिली तो केस दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी!

## तेज रफ्तार कार ने मारी ट्राली चालक को टक्कर : घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गजना गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने ट्राली चालक को टक्कर मार दिया। टक्कर से ट्राली चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।बता दें कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर– केराकत मार्ग पर गजना गांव के पास शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े छः बजे गजना गांव का ही निवासी सुंदर ट्राली पर हरी घास लादकर घर जा रहा था। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्ताए कार ने ट्राली चालक सुंदर को तेज टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद ट्राली चालक बुरी तरह घायल हो गया। वही कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पर जाकर रुक गयी। स्थानीय लोगों ने घायल सुंदर यादव पुत्र राम समुझ (22) को एक निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। ट्राली चालक सुंदर को सिर में व कमर में गंभीर चोट आई है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ट्रेनी सीओ गौरव शर्मा ने बताया कि यदि घायल के तरफ से तहरीर मिलती है तो कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## मड़ियाहूँ पी जी कॉलेज मड़ियाहूँ में पांच–दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स निपुण शिविर का तीसरा दिन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मड़ियाहूँ पी जी कॉलेज मड़ियाहूँ में पांच–दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स निपुण शिविर के तीसरे दिन ध्वज शिष्टाचार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. पाठक रहे अपने संबोधन में कहा कि सेवा करना स्काउट/गाइड का परम उद्देश्य है तथा शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने आस–पास समाज एवं राष्ट्र में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा समाज सेवा ही उत्तम सेवा और कहा कि नर सेवा नारायण सेवा और यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया रोवर्स/रेंजर्स को हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता अभियान रैली को रवाना किया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मड़ियाहूँ कोतवाली परिसर, कचहरी, भगत सिंह तिराहा व गांधी तिराहा होते हुए कालेज परिसर में पहुचे उसके उपरांत मड़ियाहूँ रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क प्याऊ कैम्प लगाकर आने जाने वाले यात्रियों को पानी पिलाकर सेवा कार्य प्रदान किया इस कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ. सुजीत कुमार पटेल ,संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ अजय वर्मा ,डॉ विवेक सिंह ,डॉ राम सिंह ,डॉ मनोज यादव ,प्रशिक्षक मनोज विश्वकर्मा,आफ्शां तरंनुम ,निसार अहमद एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## शौच के लिए जा रही 60 वर्षीय महिला की अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामपुर शुक्रवार की भोर में 5:00 बजे ब्लॉक मुख्यालय रामपुर के सामने जौनपुर मेन मार्ग पर शौच के लिए जा रहे 60 वर्षीय महिला की अज्ञात बोलेरो के चपेट में आने से मौत हो गयी। बोलेरो सहित चालक फरार हो गया। परिजन पुलिस को बिना सूचना दिए ही शव का दाह संस्कार करने के लिए चले गये। प्राप्त विवरण के अनुसार विधवा चनरा देवी उम्र 60 वर्ष जोकि बौनी जात की थी अपने मायके में अपने भाई मौजी सतनारायण ( चौथी) गुप्ता के साथ रहती थी । जिसका निवास स्थान ब्लॉक मुख्यालय के सामने खेमापुर मेन मार्ग पर मकान बनाकर रहते है, जोकि आज भोर में 5:00 बजे शौच के लिए सड़क क्रास करते हुए जा रही थी कि जौनपुर से भदोही की तरफ जा रही बोलेरो जीप के चपेट में आ गयी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। भोर होने के कारण चालक बोलोरो सहित फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को लेकर दाह संस्कार के लिए चले गये। पूरा परिवार ही बौना जाति का है।

## बदलापुर को जिला बनाए जाने की मांग विधायक ने उठाया सदन में

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश विधानसभा की 18 विधानसभा के प्रथम सत्र में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर अपनी बात को रखते हुए क्षेत्र में कराए गये विकास कार्यों से सदन को अवगत कराते हुए चुनाव में किए गये वायदे के मुताबिक विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बदलापुर को जिला बनाए जाने तथा क्षेत्र की प्रमुख मांगों की सदन में आवाज उठाई। उन्होंने सदन को बताया कि बदलापुर जिला बनाए जाने की सभी अहर्ता पूरी कर रहा है! उन्होंने क्षेत्र में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना ना होने से छात्र–छात्राओं को परेशानी का हवाला देते हुए स्थापना की मांग किया। इसी तरह महराजगंज को नगर पंचायत तथा सिंगरामऊ को विकास खण्ड का दर्जा दिलवाए जाने के साथ ही । ग्राम पंचायत डेहुणा व भुला के बीच पीली नदी पर पुल बनाए जाने, नगर पंचायत बदलापुर में सीवर लाइन फेज टू का अधूरा काम पूरा कराने, बाबूगंज में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, छब्बीस गाँव में चकबन्दी का कार्य पूरा कराए जाने , बछुआर में औद्योगिक भूमि पर उद्योग कल कारखाना लगवाए जाने जैसे विकास का मुद्दा उठाया ! बक्शा – तेजी बाजार – लोहिंदा जर्जर रोड को बनवाए जाने की आवाज उठायी!

## जीवन मे मित्रता श्रीकृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए –पुष्पराज


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मनुष्य अपने जीवन में एक मित्र कृष्ण सुदामा जैसा होना चाहिए। कृष्ण सुदामा जैसी मित्रता हो जाए दुनिया से अमीरी गरीबी का भेदभाव दूर हो जाए। उक्त विचारधौरहरा गांव निवासी लाल जी सरोज के आवास पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के को चित्रकूट से पधारे आचार्य पंडित पुष्पराज महाराज ने श्रद्धालु के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्त में उच्च नीच का भाव नहीं देखते। भगवान श्री कृष्ण मित्र रहे सुदामा एक बहुत ही गरीब ब्राह्मण परिवार से थे। बच्चों को पेट भरना भी मुश्किल हो गया था। गरीबी से तंग आकर एक दिन सुदामा की पत्नी ने उनसे कहा वह खुद भूखे रह सकते हैं लेकिन बच्चों को भूखा नहीं देख सकते। सुदामा की पत्नी ने कहा द्वारका के राजा श्री कृष्ण आपके मित्र हैं। वह आपके दोस्त हैं आपकी हालत देखकर बिना मांगे ही कुछ न कुछ दें देंगे। बड़ी मुश्किल से अपने सखा श्री कृष्ण से मिलने के लिए सुदामा तैयार हुए। उनकी पत्नी ने कहा हमारी गरीबी दूर कर श्री कृष्ण ने हमारी सारी दुख हर लिए। सुदामा को कृष्ण का प्रेम याद आया। कथा के दौरान हुए भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। इस दौरान कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने और बच्चों को संस्कारवान बनने को लेकर सम्बंधित करते हुए कहा कि बच्चों को वैदिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाएं जिससे बच्चे संस्कारवान बन सके। कहा की संस्कारित बच्चे देश की धरोहर होते हैं। इनके द्वारा ही विकास की गति को पेश कर विश्व पटल पर राष्ट्र का नाम रोशन किया जाता है। आज के दौर में बच्चों को संस्कृत बनाने के लिए संस्कारीत के साथ अभिभावकों की जिम्मेदारी बनती है। इस मौके पर मुख्य यजमान लाल जी सरोज एवं श्रीमती अनारा देवी के साथ शालिग राम पटेल, कृष्ण गोपाल जायसवाल, राम पांडे जय राम विश्वकर्मा विजय कुमार सरोज सुरेंद्र कुमार शंकर लाल विश्वकर्मा योगेश कुमार व रमाकांत तिवारी सहित आदि श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।

## डा. क्षितिज शर्मा की माता डा. कुमुद शर्मा नहीं रहीं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ, केजी डायग्नोस्टिक सेंटर के अधिष्ठाता एवं लायंस क्लब के गवर्नर डा. क्षितिज शर्मा की माता डा. कुमुद शर्मा की बीती रात निधन हो गया। बताया गया कि जनपद की वरिष्ठ चिकित्सक डा. कुमुद शर्मा पिछले 2 महीने से बीमार थीं जो लखनऊ में भर्ती थीं। बीती रात डा. कुमुद ने अंतिम सांस लिया जिसकी जानकारी होने पर परिवार सहित चिकित्सक जगत के अलावा पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गयी। देखते ही देखते नगर के चहारसू चौराहे के पास स्थित केजी नर्सिंग होम स्थित उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के राम घाट पर हुआ जहां मुखाग्नि डा. क्षितिज शर्मा ने दिया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन दिनेश टण्डन, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता श्याम मोहन अग्रवाल, समाजसेवी विमल सिंह, पत्रकार संजय श्रीवास्तव, समाजसेवी आलोक सेठ, सोमेश्वर केसरवानी, संजय जेब्रा, शशांक सिंह, जैकी साहू सहित तमाम चिकित्सक, समाजसेवी, अधिवक्ता, पत्रकार आदि ने नम आंखों से अंतिम विदाई दिया। बता दें कि डा. कुमुद शर्मा जनपद की वरिष्ठ चिकित्सक थीं तथा उनके पति डा. गिरीश शर्मा भी जाने–माने चिकित्सक थे।

## योगाचार्य की उपस्थिति में कर्मचारी गणों को कराया गया योगाभ्यास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 27 05 2022 को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में अमृत योग माह मनाये जाने के क्रम में श्रीमान



प्रतिसार निरीक्षक महोदय की उपस्थिति में एवं प्रशिक्षक डॉ अचल हरिमूर्ति योगाचार्य की उपस्थिति में कर्मचारी गणों को योगाभ्यास कराया गया।

## मारपीट में घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत : शव सड़क पर रख स्वजनों ने किया चक्काजाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सरफराजपुर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व हुए मारपीट की घटना में घायल वृद्ध सोमारु 60 वर्ष की बीएचयू में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह मौत हो गई। आक्रोशित स्वजनों तथा ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया।पुलिस कार्यवाही से असंतुष्ट स्वजन व ग्रामीण उच्चाधिकारियों के बुलाने की मांग कर रहे थे।तथा आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल जेल भेजें जानें की कार्यवाही पर अड़े थे।मौके पर शीतला चौकियां चौकी प्रभारी चंदन राय, थाना प्रभारी लाइन बाजार अखिलेश मिश्र,महिला थानाध्यक्ष किरन मिश्र घंटों भीड़ समझाते रहे। लेकिन कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं था। दर्जनों महिलाए रोते बिलखते सड़क पर ही विलाप करती रही। थाना प्रभारी लाइन बाजार अखिलेश मिश्र मुकदमा दर्ज कर आरोपितों कघे जेल भेजने का आश्वासन चिल्ला चिल्ला कर बार बार देते रहे।लेकिन महिलाए कुछ भी सुनने समझने कघे तैयार नहीं थी। आखिरकार पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए जबरिया शव कघे कब्जे में लेकर पिकअप पर लादकर पीएम के लिए भेजवाया।इस दौरान महिलाए शव पर लिपट कर नहीं लें जानें दे रही थी।महिला सिपाहियों ने महिलाओ कघे खींच खींचकर हटाया। तब जाकर पुलिस शव कब्जे में पाई। मौके से पुलिस ने महिला व पुरुष चार लोगों कघे पूछताछ के लिए हिरासत में ले गई। मृतक सोमारु की पत्नी सुशीला ने बताया की बीते 21मई शनिवार की रात्रि बच्चों के खेल खेल में ही सोमारु व उनके पुत्र दिलीप में झगड़ा हुआ था। झगड़ा बढ़ते हुए पड़ोसियों तकध जा पहुंचा। विवाद बढ़ने पर सोमारु व उसकी पत्नी सुशीला से उनके ही पुत्र दिलीप उसकी पत्नी व पड़ोसी गूल्लू के परिवार से झगड़ा होने लगा।मारपीट के दौरान सोमारु कघे चोटें आई। निजी चिकित्सक के यहां उपचार के बाद डाक्टरों ने सोमारु कघे बीएचयू रेफर कर दिया था।घटना के छः दिन बाद शुक्रवार सुबह लगभग नौ बजे इलाज के दौरान सोमारु की मौत हो गई। शव घर आते ही स्वजन आक्रोशित हो गये । मृतक की पत्नी सुशीला ने थाना प्रभारी लाइन बाजार अखिलेश मिश्र कघे तहरीर दिया है।थाना प्रभारी लाइन बाजार अखिलेश मिश्र का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।उसके मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

## बौद्धिक संपदा को संरक्षित करने की जरूरतः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ और पेटेंट डिजाइन एंड ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय के सहयोग से एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन शुक्रवार को आर्यभट्ट सभागार में किया गया। यह कार्यशाला आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत की जा रही है। इसमें नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एवरनेस मिशन(एनआईपीएएम) की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता नई दिल्ली बौद्धिक संपदा कार्यालय के पेटेंट और डिजाइन के परीक्षक प्रशांत सिंह ने कहा कि आपीआर की विभिन्न विधाओं की जानकारी सभी को होनी चाहिए। आज पूरे विश्व स्तर पर इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। ट्रेड मार्क का मतलब टीएम ही नहीं होता जो अपंजीकृत है या आवेदन करने के बाद पेंडिंग रहती है वह उत्पाद टीएम का संकेत लगाते हैं। जो पंजीकृत होते हैं वह आर का संकेत लगाते हैं। इसी तरह उन्होंने पेटेंट और डिजाइन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और उसके कानूनी पहलुओं पर भी बताया। उन्होंने आपीआर की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इसके आवेदन की आनलाइन और आफलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भौगोलिक संकेतांक पर सबसे पहला अधिकार स्थानीय लोगों का होता है, जैसे बनारसी साड़ी का उन्होंने उदाहरण दिया। इसके बाद प्रश्नोत्तरी सत्र चला। इसमें उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब संतोषजनक ढंग से दिया। अपने आशीर्वचन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि अपने सृजन पर हमारा ही अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 301 में बौद्धिक संपदा का जिक्र है। संपदा दो प्रकार की होती है एक भौतिक संपदा दूसरा बौद्धिक संपदा। हर वृक्ष का आयुर्वेद में महत्व है। यह भौतिक संपदा की श्रेणी में आता है, हमें इन



दोनों संपदा को संरक्षित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा शोधार्थी अपने सामग्री के प्रकाशन में फुटनोट्स और बिबलिओग्राफी का जिक्र करता है। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर बीबी तिवारी ने बौद्धिक संपदा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि जिन डूबा तीन पाइया की कहावत लागू होती है। कहा कि आइडिया और इनोवेशन के लिए माहौल की जरूरत है। विज्ञान संकाय के डीन प्रो. रामनारायण ने कहा कि हमें अपनी सृजन और संपदा को पेटेंट और कॉपीराइट कराने की जरूरत है। नीम और हल्दी के लिए अमेरिका से हुई कानूनी लड़ाई का जिक्र किया। कार्यक्रम की रूपरेखा और अतिथियों का स्वागत आयोजन संचिव डा. मनीष गुप्ता ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए इसका आयोजन किया गया। उन्होने कहा कि आज कापीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क के प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुजीत चौरसिया और आभार डॉ सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय. सहायक कुलसचिव अमृतलाल पटेल, बबिता सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो.रामनारायन, प्रो.अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो.देवराज सिंह, प्रो. संदीप कुमार सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. मुराद अली, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार यादवा, डा. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, सुशील कुमार, डा. सचिन अग्रवाल, डॉ. नीतेश जायसवाल, आशीष कुमार गुप्ता, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा. सवर्ण कुमार आदि शामिल थे।

## मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें विषयक जागरूकता चौपाल का 01 जून 2022 को होगा आयोजन


जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि 01 जून 2022 को मिशन शक्ति फेज–4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती शशि मौर्या द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें विषयक जागरूकता चौपाल विकास खण्ड सभागार सिकरारा में पूर्वान्ह 10.00 बजे से एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से महिला जनसुनवाई निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग लाइन बाजार चौराहा जौनपुर में समय 2.00 बजे से निर्धारित किया गया है। आम जनमानस से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

## ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन 02 जून 2022 को होगा

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि मिशन शक्ति अभियान फेज–04 के तहत महिला कल्याण विभाग जौनपुर द्वारा ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम का आयोजन 02 जून 2022 को समय 11.00 बजे से 12.00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में किया जाना है, जिसमें यौन हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, लैंगिक असमानता घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि के सम्बन्ध में संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझाव एवं सहायता हेतु पारस्परिक संवाद होगा। इस दौरान टेलीफोनिक माध्यम से भी महिलायें/बालिकायें जिला प्रोबेशन अधिकारी जौनपुर के सी0यू0जी0 नं0– 7518024045 एवं जिलाधिकारी जौनपुर के सी0यू0जी0नं0– 9454417578 पर संपर्क कर अपने प्रश्न उनके समक्ष रखकर समाधान पा सकती हैं।

## यूपी विधानसभा सत्र के दौरान मनाया जाएगा विधायकों का जन्मदिन

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को विधानसभा में एक नई परंपरा की शुरुआत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब से विधानसभा सत्र के दौरान यदि किसी विधायक का जन्मदिन पड़ेगा तो सदन में उस विधायक को सभी सदस्यों की ओर से बधाई दी जाएगी। उनकी इस घोषणा का सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपा कर समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा घोषित इस परंपरा की शुरुआत भाजपा विधायक रामनरेश अग्निहोत्री को जन्मदिन की बधाई देकर की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने जैसे ही राम नरेश के जन्मदिन की सूचना



सदन को दी वैसे ही सभी दलों के सदस्यों ने भाजपा विधायक को बधाई दी। इसके बाद राम नरेश ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रोडवेज बस स्टेशन के पास से अतिक्रमण हटाने की शुरू हुई कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर इस समय पूरे प्रदेश के जिले में अतिक्रमण करने वाले लोगों पर प्रशासन द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है।इसी क्रम में अयोध्या जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत रोडवेज बस स्टेशन पर सड़क तक दुकान लगाने वालों को चेतावनी दी गई।इस मौके पर अतिक्रमण हटवा रहे अधिकारियों ने दुकानदारो से कहा गया कि निर्धारित सीमा में ही दुकानें लगाएं, अन्यथा हटवाई जायेगी।इस मौके पर सीओ यातायात राजेश तिवारी ने बताया कि दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानदारों ने बताया उनका निगम से अनुबंध आठ फिट का है इसे लेकर निगम को निरीक्षण के लिए कहा गया है।सीओ यातायात ने कहा कि यह शहर सबका है इसलिए अभियान में सहयोग जरूरी है। इससे सभी को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार को चेतावनी दी गई है यदि उसके बाद भी नहीं हटता तो हटाया जायेगा। बता दें कि रोडवेज बस स्टॉप पर बने अवैध टैक्सी स्टैंड को लेकर भी सीओ ट्रैफिक राजेश तिवारी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान रोडवेज पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर



पुलिस ने अभियान चलाया और कुछ अतिक्रमण हटाया गया और दुकानदारों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। कहा गया कि दुकान के आगे किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटा लें नहीं तो नगर निगम के बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया जाएगा।सीओ ट्रैफिक का कहना है कि रोडवेज बसों के चालकों को भी हिदायत दी गई है कि वह सड़क पर बस ना खड़ी करें नहीं तो चालान किया जाएगा। बता दें कि रोडवेज के आसपास अवैध टैक्सी स्टैंड की भरमार है। इसके साथ ही अतिक्रमण भी हो गया है। जिसको लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

# चिकित्सक बाहर से दवाएं खरीदने के लिए मरीजों पर ना डाले दबाव : मंडलायुक्त अयोध्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने कृषि विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी किसानों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए लाभार्थीपरक योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करें।इस मौके पर उन्होंने अपर निदेशक स्वास्थ्य से कहा कि मंडल के सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया जाए कि जो दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध हैं उनको अस्पताल से ही मरीजों को उपलब्ध कराई जाए।अनावश्यक बाहर से खरीदने के लिए मरीजों को परेशान ना करें।इसके साथ ही साथ ही दवाइयों के अपरिहार्य कारणों में उपलब्ध ना होने पर जन औषधि केंद्र से क्रय करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।मंडलायुक्त अयोध्या श्री रिनवा शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की अप्रैल माह की प्रगति रिपोर्ट पर आयुक्त कार्यालय में मंडलीय समीक्षा कर रहे थे।उन्होंने जनपद के सभी जिलाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों से कहा कि जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर तैनात अधिकारी समय पर कार्यालय में उपस्थित हों व जहां उनकी तैनाती है वहीं पर निवास



भी करे, यह सुनिश्चित किया जाए।इसके साथ ही समय–समय पर कार्यालयों में साफ–सफाई, दस्तावेजों का रखरखाव आदि का औचक निरीक्षण करें।मंडलायुक्त ने जिलाधिकारियों को यह भी कहा कि जनपदों में आयोजित होने वाले तहसील दिवसों पर कृषि, पशुपालन, आदि लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित विभागों के कैंप लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ दिलाये जाने का प्रबंध प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस में किया जाए।

# आईजी अयोध्या रेंज ने मासिक अपराध समीक्षा के दौरान रेंज के सभी पुलिस कप्तान को दिये प्रशंसा प्रशस्ति पत्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) अपराध और अपराधियों के खलाफ प्रभावी कार्यवाही को लेकर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या के पी सिंह ने अपने कार्यालय में रेंज के सभी पुलिस कप्तान के साथ अपराध एवं कानून–व्यवस्था की मासिक समीक्षा की।इस बैठक में आईजी अयोध्या रेंज अयोध्या ने सभी रेंज के सभी पुलिस कप्तान को प्रशंसा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।इस मौके पर उन्होने ने सड़क हादसों को रोकने के लिए संबंधित विभागों को एहतियाती उपाय करने, अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर लगाम के लिए प्रभावी कार्रवाई तथा अपराध से अर्जित संपत्ति को चिन्हित कर जब्त करने की हिदायत दी।परिक्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस महानिरीक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह ने सडक हादसों को रोकने अथवा काम करने के लिये आरटीओ प्रवर्तन/प्रशासन,परियोजना निदेशक एनएचएआई तथा नेशनल/स्टेट हाइवे के मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को कार्ययोजना बनाकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई, यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर दुर्घटना को रोकने के लिए एहतियाती उपाय और निर्माण , अवैध कट बंद कराने और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान का निर्देश दिया।इस मौके पर उन्होने कहा कि मुख्यालय की ओर से बनवाये गए एप का प्रभावी इस्तेमाल किया जाय तथा घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया जाय। अवैध शराब के निरमन और बिक्री को लेकर उन्होंने उप आबकारी आयुक्त तथा पुलिस विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली और अभियान चलने और शराब माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई के लिए कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही का निर्देश दिया। उधर संगठित अपराधों पर रोकथाम को लेकर असमाजिक तत्वों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा गैंगेस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराने और गिरोहबंदी अधिनियम में नामज्द और प्रकाश में आये आरोपियों के खिलाफ आरोपियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का चिन्हीकरण करवा जब्त करने का निर्देश दिया।मासिक समीक्षा गोष्ठी में विपिन कुमार मिश्र पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर, शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, अनुराग वत्स पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी, दिनेश सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी एवं आलोक प्रियदर्शी पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर के अलावा उप आबकारी आयुक्त,आरटीओ प्रवर्तन/प्रशासन,परियोजना निदेशक एनएचएआई तथा मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी नेशनल/स्टेट हाइवे मौजूद



रहे।इस मौके पर रेंज के सभी जिला पुलिस प्रमुखों को प्रशंसनीय कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।यह प्रशस्ति पत्र परिक्षेत्रीय कार्यालय में आईजी ने प्रदान किया।बताया गया कि मासिक अपराध समीक्षा बैठक के बाद पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र कवीन्द्र प्रताप सिंह ने विपिन कुमार मिश्र पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर को जनपद सुलतानपुर में न्यायालय में दाखिल करने हेतु लम्बित आरोप पत्र/अन्तिम रिपोर्ट का सघन अभियान चलाकर एक अप्रैल तक कुल 748 मामलों में 589 में आरोप पत्र तथा कुल 561 अन्तिम रिपोर्ट के मामलों में से 534 में अन्तिम रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल कराने के लिए,शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या को लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए एक माह का सघन अभियान चलाकर जनपद में दिनांक 28 फरवरी तक लम्बित कुल 1075 विवेचनाओं में से 67.47 प्रतिशत अर्थात 723 विवेचनाओं का निस्तारण कराने, अनुराग वत्स पुलिस अधीक्षक जनपद बाराबंकी को लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण में एक माह का सघन अभियान चलाकर जनपद में 28 फरवरी तक लम्बित कुल 1069 विवेचनाओं में से 59. 61 प्रतिशत अर्थात 634 विवेचनाओं का निस्तारण कराने तथा आलोक प्रियदर्शी पुलिस अधीक्षक जनपद अम्बेडकरनगर को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना/क्रियान्वयन तथा शासन द्वारा महिलाओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं में महिला हेल्पडेस्क/1090 का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं दिनेश सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी को वर्ष 2022 में कुल 75 अपहृताओं में 50 अपहृताओं को बरामद कराने तथा न्यायालय में दाखिला हेतु 1244 आरोप पत्र/अन्तिम रिपोर्ट में से 878 को न्यायालय में दाखिल कराने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# साइबर ठग ने क्षेत्र पंचायत सदस्य से खुद को बीकापुर कोतवाली का दरोगा बता कर झांसे में लेने का किया प्रयास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)सूत्र के मुताबिक जिले के कोतवाली क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे को झांसा देकर एक साइबर ठग ने खुद को बीकापुर कोतवाली का दरोगा बताया तथा पेटीएम के माध्यम से पैसा भेजने को कहा।लेकिन माजरा भाप कर राहुल दुबे ठगी से बच गए।राहुल दुबे ने बताया कि गुरुवार को उनके मोबाइल फोन पर अनजान व्यक्ति की कॉल आई।फोन करने वाले कुशल क्षेम पूछने के बाद खुद को बीकापुर कोतवाली का कथित दरोगा योगेश कुमार बताया और कहा कि वह पेटीएम नहीं चला पाते हैं।उनके दोस्त द्वारा पेटीएम पर पैसा भेजने के लिए कहा गया है।तुम पेटीएम चलाते हो तुम्हारे पेटीएम पर पैसा भिजवा देता हूं।तुम्हारे पास आकर पैसा ले लूंगा।करीब 10 मिनट तक बातों में उलझाने और विश्वास लेने के बाद साइबर ठग ने कहा कि एक लिंक भेजता हूं।उसको रिसीव करने पर उनके दोस्त का पैसा तुम्हारे खाते में आ जाएगा।उसके द्वारा की गई बात पर आशंका होने से राहुल दुबे ने कहा कि मैं कोतवाली के सभी दरोगा को पहचानता हूं।आप अपना फोटो व्हाट्सएप पर भेज दो जिससे मैं पहचान जाऊं।साइबर ठग ने फोटो भेजने में आनाकानी की उसके बाद राहुल दुबे ने बीकापुर के पुलिस सीओ का नाम पूछा और कोतवाली में तैनात कोतवाल और उप निरीक्षक के बारे में बताने को कहा।इसके बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी का नाम पूछने के बाद कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने फोन काट दिया।फोन करने वाले अज्ञात व्यक्ति की ऑडियो जारी करते हुए राहुल दुबे ने बताया कि वह अपनी सूझबूझ के चलते साइबर ठग के झांसे में आने से बच गए।क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे ने इस तरह के अनजान काल से लोगों को सचेत रहने की अपील किया है।मालूम हो कि इस समय अयोध्या पुलिस इस तरह के झासे में आने से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने की मुहिम भी चला रही है।

## मेधावी बच्चों को टाटशाह वेलफेयर सोसायटी द्वारा निःशुल्क दी जाएगी कोचिंग

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)नीट/ आईआईटी। – जी प्री फाउंडेशन कोर्स के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर अयोध्या की प्रतिष्ठित सामजिक संस्था टाट शाह वेलफेयर सोसायटी ने शुरू किया है।इस सेंटर की स्थापना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। इसके लिए 60 छात्रों का चयन परीक्षा द्वारा किया गया है उक्त बातें NEET/IIT&JEE हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए चयनित छात्रों के परीक्षाफल घोषित करते हुए संस्था अध्यक्ष मोहम्मद कमर राइनी ने एक स्थानीय होटल के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहीं।विगत दिनों जिले के विभिन्न विद्यालयों के 1760 बच्चों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था ये परीक्षा नगर के दर्सगाह–ए–इस्लामी इण्टर कॉलेज में 15 मई को सम्पन्न हुई थी।इस परीक्षा के माध्यम से जिले के 60 मेधावी छात्रों का चयन किया गया है।जिनमें बुशरा कमर,अनमता परवीन, मो0शुऐब, अलफिशा कलाम,बिलकीस सबा,मो0एहतेशाम, अनिका आजम, अनमता, अलीशा, मदीहा फारूकी ने परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टॉपटेन में स्थान प्राप्त किया है। जिन बच्चों का चयन हुआ है।उन्हें प्री फाउंडेशन कोर्स के तहत NEET/ IIT&JEE प्री फाउंडेशन की निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी।इन 60 छात्रों पर चार वर्ष तक होने वाला खर्च संस्था वहन करेगी।संस्था द्वारा समय समय पर अलीगढ़,दिल्ली,हैदराबाद, मुंबई से विषय विशेषज्ञों के साथ साथ पूर्व सफल छात्रों को आमंत्रित किया जाएगा जिसका लाभ इन चयनित बच्चों को मिलेगा।इस मौके पर कमर राइनी ने यह भी स्पष्ट किया कि टाटशाह वेलफेयर सोसायटी धर्म,जाति से ऊपर उठकर मानवता के आधार पर काम करती है। इसलिए यह जो सेंटर स्थापित किया जा रहा है इसमें भी इस परंपरा का ध्यान रखते हुए सभी वर्गों के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि अब पारंपरिक शिक्षा का कोई भविष्य नहीं रहा और हमारे जो बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं,हम उनमें मौजूद प्राकृतिक क्षमता को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेंगे।आज प्रतिस्पर्धी शिक्षा का महत्व बहुत बढ़ गया है। इसी मूल बिंदु को ध्यान में रखकर इस कोचिंग सेंटर का आरंभ किया गया है।मोहम्मद कमर राइनी ने स्पष्ट किया कि बच्चों में बुद्धि और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। असल चीज उनका मार्गदर्शन करना है।इस अवसर पर हाजी मुबीन राईन ज्वैलर्स,हाजी वसीम,मुहम्मद इमरान,मुहम्मद आफताब,मुहम्मद मकसूद,मुहम्मद नाजिम,गुड्डू पहलवान,डॉक्टर इरफान,मुहम्मद निजाम,बब्लू भाई,परवेज भाई,अपील भाई, मोहम्मद इमरान अंसारी भाई, महताब खान भाई ,मोइनुद्दीन भाई, फैसल भाई, सरफराज, शुएब, आमिर जनपद अयोध्या के गणमान्य एवं बुद्धजीवी उपस्थित रहे।

# रालोद सुप्रीमो जाएंगे राज्यसभा : रालोद ने जताई खुशी

अयोध्या।(सुरेन्द्र कुमार ब्यूरो डीकेयू न्यूज 24) राष्ट्रीय लोक दल और समाजवादी पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार होंगे रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी। उक्त आशय का निर्णय आज रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बीच हुई वार्ता के बाद लिया गया जयंत जी के राज्यसभा में जाने से किसान गरीब नव जवान कमेरा वर्ग की आवाज देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठेगी और इससे देश के 80: लोगों का भला होगा उनकी उम्मीदवारी तय होने पर रालोद के प्रदेश महासचिव विश्वेश नाथ मिश्र सुद्दू मिश्रा के आवास पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर के बधाई और धन्यवाद दिया रालोद नेता सुडडू मिश्रा ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया इस निर्णय से सपा रालोद गठबंधन को मजबूती मिलेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा रालोद गठबंधन प्रदेश में सबसे बड़ी ताकत के रूप में उभरेगा दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर है अयोध्या जनपद में भी सपा रालोद के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उक्त निर्णय से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी की दूरगामी राजनीतिक सोच और जयंत चौधरी की गठबंधन के प्रति समर्पण की भावना से देखा जा रहा है।इस कार्यक्रम में रालोद के मीडिया प्रभारी राजेश तिवारी महेश कनौजिया सीताराम यादव दीनानाथ तिवारी रज्जन मिश्रा गौतम तिवारी कुलभूषण मिश्रा विजय चंद्र मिश्रा शिव कुमार मिश्रा अमरनाथ पांडे रामानुज तिवारी वीरेंद्र मिश्र बद्रीनाथ मिस बृजेश मिश्र मोनू शुक्ला बंशीधर शर्मा माधव दुबे पप्पू मिश्रा संजय चौरसिया जोखू चौरसिया संजय मिश्रा मुन्ना मिश्रा वीरेंद्र त्रिपाठी आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

## बिटिया को दें सुकन्या समृद्धि का सुरक्षित तोहफा–पोस्टमास्टर जनरल विवेक कुमार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)बेटी को लक्ष्मी स्वरूपा बनाने में डाक विभाग की सुकन्या समृद्धि योजना घर–घर दस्तक देने लगी है । माता पिता के साथ डाक विभाग की आंखों में नन्ही बच्चियों के सुनहरे भविष्य को सवारने का सपना है । इसे साकार करने के लिए अधिकारी कर्मचारी अभिभावकों से कह रहे हैं कि अपनी बेटियों को सुकन्या समृद्धि योजना से सुरक्षित भविष्य का तोहफा दीजिए । पूरा ब्लाक के सरायरासी ग्राम सभा में ग्राम वासियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों के साथ बचत सप्ताह के अंतर्गत महामेला के बीच पहुंचे लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री विवेक कुमार दक्ष ने इस योजना से 10 वर्ष आयु तक कि प्रत्येक बिटियों को सुकन्या से अच्छादित करने का जिम्मा डाक कर्मियों को सौंपा । बतौर मुख्य अतिथि श्री दक्ष ने कहा कि बेटियां देश का भविष्य है। इनके भविष्य को संवारने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश आवश्यक है । बेटियों को आर्थिक आजादी मिलने मात्र से ही भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध पर रोक लगेगा और नारीशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा । इसमें धीरे–धीरे 15 वर्ष तक रकम जमा करने से 21 वर्ष अथवा शादी विवाह व उनकी शिक्षा पर बेहतर उपयोग होगा । सुकन्या समृद्धि बचत एवं डाक जीवन बीमा को गति देने के लिए मेहनत और लगन से कार्य करने को प्रोत्साहित भी किया गया श्री दक्ष ने कहा कि डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजनाएं है । इसे गांव गांव में सूचीबद्ध करके ग्रामवासियों तक पहुंचाने की आवश्यकता है । ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में बताते हुए श्री दक्ष ने कहा कि गरीब किसानों के लिए यह खास योजना सस्ती एवं अधिक फायदेमंद है । इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणधीर सिंह लल्ला ने शीघ्र ही सरायरासी गांव को संपूर्ण सुकन्या समृद्धि गांव बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का वादा किया साथ ही बृहद मेला के लिए डाक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया । प्रवर अधीक्षक डाकघर पीके सिंह ने बताया कि आज मंडल के प्रत्येक डाकघर में बचत सप्ताह के अंतर्गत दरवाजे दरवाजे जाकर खाता खोला गया । मण्डल में 4580 से अधिक बचत खाते तथा 1105 सुकन्या समृद्धि खाता खोले गए हैं सरायरासी गांव में दो दिवसीय आधार का कैंप आयोजित किया गया है जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने आधार में संशोधन के साथ साथ नया भी नामांकन करवा रहे है ।इस अवसर पर सहायक अधीक्षक अजय पाण्डेय, निरीक्षक दीपक मौर्य, सिंकू रावत, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, मोहम्मद सगीर, विजय यादव, शाखा डाकपाल साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

## गरीबों,किसानों,बेरोजगारों और महिलाओं का नहीं रखा गया है ध्यान –कांग्रेस

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ ने योगी सरकार 2.0 द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट हवा हवाई है गरीबों, किसानों,बेरोजगारों और महिलाओं का नहीं रखा गया है ध्यान।इन नेताओ ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट लोक लुभावना है। सरकार अपने पिछले बजट और नए बजट का खुद मूल्यांकन करें। सरकार ने पिछले बजट में घोषित वायदों को पूरा नहीं किया तो नया क्या करेगी। धरातल के बजाय प्रदेश सरकार का पूरा बजट हवा हवाई है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि चुनावी घोषणाओं को भी बजट में शामिल किया जाना चाहिए था। परंतु प्रदेश सरकार ने आमजन और प्रदेश के गरीबों को बरगलाने के लिए ऐसा बजट प्रस्तुत किया है। बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जिस पर प्रदेश की जनता को कुछ आशा हो एवं किसानों भाइयों की ज्वलंत समस्या छुट्टा जानवरों से निजात के लिए भी सरकार ने बजट में कोई कदम नहीं उठाया है भाजपा के नेता खुद अपनी पीठ थपथपा कर शाबाशी लेने में जुटे हुए हैं। हवा हवाई बजट का असर प्रदेश सरकार और भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलेगा।

## ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद भी नहीं कराया गया चक मार्ग का सीमांकन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील क्षेत्र के एकडला गाँव में ग्रामीणों की शिकायत करने के बाद भी तहसील प्रशासन चकमार्ग का सीमांकन नहीं करा रहा है! आई जी आर एस की शिकायत में शिकायत कर्ता बेदप्रकाश पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि गाँव के कुछ दबंग किस्म के व्यक्तियों ने अवैध ढंग से कब्जा कर लिया है! 11 अप्रैल को शिकायत कर्ता ने उम्मीद के साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत किया था! शिकायत का निस्तारण तहसीलदार को करना था! लेकिन महीना भर बीत जाने के बाद भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है! परिणामस्वरूप चकमार्ग पर दबंगों का कब्जा आज भी बना है! चकमार्ग पर कब्जा होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित है! उपजिलाधिकारी लालबहादुर ने कहा है कि बहुत जल्द चकमार्ग का सीमांकन कराने के बाद अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा!

## दो अदद अवैध तमंचे के साथ दो शातिर धराए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के तोफापुर मोड़ से मुखबिर की सूचना पर दो शातिर अपराधाधियो को दो अदद अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को सुबह एसआई प्रशांत कुमार पांडेय हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना पर तोफापुर मोड़ के पास खड़े दो संदिग्ध युवकों की जमा तलाशी ली तो दोनों के पास से एक एक 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। पूछने पर उन लोगों ने अपना नाम–सादाब व रहमान खान निवासी पुरानी बाजार मछ्लीशहर बताया। दोनो को गिरफ्तार कर 25 आर्म्स एक्ट की धाराओं में जेल भेज दिया गया।

# एसडीएम की मौजूदगी में रूदौली में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले में रुदौली नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।इस दौरान पूरे कस्बे में अस्थायी अतिक्रमण को जेसीबी से हटाया गया।एसडीएम स्वप्निल यादव के निर्देश पर पूरे कध्स्बे में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।नगर पालिका की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।दोपहर के समय पालिका के कर्मचारियों के साथ अधिशाषी अधिकारी रणविजय सिंह ने मोहल्ला मियांपुरवा से अभियान की शुरुआत की।अतिक्रमण हटाओ टीम मियांपुरवा होते हुए पुरेखान पहुंची,वहां से पूरेबसावन,नवाब बाजार होते हुए कटरा पहुंचे।इस दौरान दुकानदारों की ओर से सड़क पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ दिया गया।जिसमें लोगों के अवैध चबूतरे,टीन शेड,गुमटी,पोस्टर व बैनरों पर जेसीबी चलाया गया।राजकीय पशु चिकित्सालय के सामने से आधा दर्जन दुकानदारों की अवैध गुमटी को प्रशासन ने निश्ते नाबूद कर दिया।इसके साथ ही साथ दुकानदारो को चेतावनी दी गई कि अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो दुकानदारों के खिलाफ सख्त कधनूनी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान कोतवाल शशिकांत यादव के साथ पुलिस फोर्स होने की वजह से किसी ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध नहीं किया।अधिशाषी अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया लगातार 5 दिन से चेतावनी दी जा रही है व डोर टू डोर लोगों को अवगत कराया गया जिसके बावजूद नगर के सैकड़ों स्थानों पर जेसीबी चलाया गया।जागरूक नागरिकों ने शासन से माँग की गयी है कि चार दिवसीय अभियान के बाद समय समय पर चेकिंग कराकर दोबारा अतिक्रमण करने वालों का चालान किया जाना चाहिए।जिससे यह अभियान सफल हो सके।

# डिप्टी सीएम मौर्य पर टिप्पणी से भाजपा ने अखिलेश यादव का फूका पुतला

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) विधानसभा में बुधवार को सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर टिप्पणी को लेकर भाजपा भड़क गई है। गुरुवार को यहां भाजपाईयों ने नारेबाजी करते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि सदन में अभद्र भाषा का प्रयोग कर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी हार की हताशा का परिचय दिया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रधान अजीत मौर्य के नेतृत्व में सड़क पर उतरे भाजपाईयों ने सिविल लाइन चौराहे पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का सदन की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सदन में शिष्टता का परिचय न देकर श्री यादव ने संसदीय मूल्यों का भी अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष को इसके लिए सदन और डिप्टी सीएम से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा अपनी पराजय से खीझी है इसलिए भाषा से संतुलन खो बैठी है। इस मौके पर खुशी मौर्य, सुरेश मौर्य, अमन मौर्य, अंकित मौर्य, प्रवेश मौर्य, रमेश मौर्या, रामपाल के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।